भारत सरकार

गृह मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1012

दिनांक 10.02.2021/ 21 माघ, 1942 (शक) को उत्तर के लिए

प्रदर्शनकारी किसानों को समन भेजा जाना

1012 श्री जी.सी.चन्द्रशेखरः

श्रीमती फूलो देवी नेतमः

श्री दिग्विजय सिंहः

क्या गृह मंत्री यह बताने कि कृपा करेंगे किः

(क) क्या वर्तमान में चल रहे किसानों के प्रदर्शन में शामिल किसानों को राष्ट्रीय जाँच एजेंसी (एनआईए) ने सम्मन किया है;

(ख) यदि हाँ, तो सम्मन किए गए किसानों की संख्या सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके कारण क्या हैं;

(ग) क्या राष्ट्रीय जाँच एजेंसी (एनआईए) ने उक्त व्यक्तियों को साक्षियों के रुप में सम्मन किया गया है;

(घ) क्या उक्त व्यक्तियों पर किसी अपराध के आरोप लगाए गए हैं; और

(ड़) यदि हाँ, तो उन पर लगाए गए आरोपों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जी किशन रेड्डी)

(क): जी, नहीं।

(ख) से (ङ): उपर्युक्त (क) के मद्देनजर प्रश्न नहीं उठता।

*****